दिन– बुधवार

दिनांक– 28 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन के साथ संसद का बजट सत्र शुरू। कल पेश किया जाएगा आर्थिक सर्वेक्षण। एक फरवरी को बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत के युवाओं में साहस और कौशल की कमी नहीं। दुनिया युवाओं को भरोसे से देख रही है।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान दरभंगा जिले में एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये की नब्बे विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बगहा और बक्सर में तेज बारिश हुई। अगले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर वज्रपात और बारिश का अलर्ट।

---

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ने आज अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग पंचानवे करोड़ भारतीयों को मिल रहा है।

–––बाइट–––

'सबका साथ, सबका विकास' का विजन देश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक प्रभाव ला रहा है। वर्ष 2014 की शुरूआत में सिर्फ 25 करोड़ नागरिकों तक ही सोशल सिक्योरिटी की योजनाएं पहुंच पाती थीं। सरकार के प्रयासों ने निरंतता की वजह से आज करीब 95 करोड़ भारतीयों को सोशल सिक्योरिटी का अवार्ड मिला है।

राष्ट्रपति ने संबोधन के दौरान ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में भारत का कड़ा रूख पेश किया है।

–––बाइट–––

ऑपरेशन सिन्दूर से विश्व में भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा है। हमारे देश ने अपने संसाधनों के बल पर आंतकियों के अड्डे को ध्वस्त कर दिया है। सरकार ने कड़ा संदेश दिया है कि भारत किसी भी आंतकी हमले का जवाब दृढ़ और निर्णायक होगा। सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया जाना भी आतंकवाद के विरूद्ध हमारी लड़ाई का हिस्सा है। देश की रक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र पर भी काम हो रहा है।

———————————————————————

बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कल लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा, जबकि एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी। सत्रह का दूसरा चरण होली के अवकाश के बाद नौ मार्च से दो अप्रैल तक आयोजित होगा।

———————————————————————

बजट सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्र के पहले दिन आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान भी विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। सत्तापक्ष ने विपक्ष के इस आचरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष द्वारा किया गया आज का व्यवहार देश के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि दी जा रही थी तब विपक्ष ने हंगामा किया।

———बाइट———

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने राष्ट्रपति के संबोधन को प्रेरणादायक बताया है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को इससे दृढ़ता मिली है।

———बाइट———

———————————————————————

लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि राष्ट्रपति का अभिभाषण केंद्र सरकार के संकल्पों को प्रस्तुत करता है। इसमें सरकार के गरीब कल्याण की योजनाओं और पिछले ग्यारह सालों में किये कार्यों को रखा गया है।

———बाइट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया भारत के युवाओं की ओर भरोसे से देख रही है। श्री मोदी नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में एनसीसी की वार्षिक परेड रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीसी एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक

बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के युवाओं में साहस और कौशल के प्रति प्रतिबद्धता की कमी नहीं है, इस कारण दुनिया भारत के युवाओं को विश्वास की नजर से देख रही है।

———बाइट———

देश भर के कैडेटों और अधिकारियों को बधाई देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में, एनसीसी की ताकत चौदह लाख से बढ़कर बीस लाख से ज्यादा कैडेट की हो गई है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के तहत दरभंगा जिले में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। श्री कुमार ने एक सौ पांच करोड़ रूपये लागत वाली पचास योजनाओं का शिलान्यास, जबकि तैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली चालीस योजनाओं का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से बिहार की प्रगति यात्रा लगातार जारी है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग कर रही है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय झा, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एंव भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि संबंधि विवादों का हल सरकार की प्राथमिकता है। श्री सिन्हा ने गया में जन कल्याण संवाद कार्यक्रम में कहा कि भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को परेशान करने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

———बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न भागों में बादल छाये हुए हैं और कहीं–कहीं हल्की बारिश भी हुई है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुयी है। इधर, बगहा और बक्सर में तेज बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज समेत कई जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आज आधार की नई डिजिटल व्यवस्था–आधार एप की शुरूआत की है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज एप का लोकार्पण किया। नई व्यवस्था के तहत अब लोगों को फिजिकल आधार कार्ड लेकर चलने की जरूरत नहीं होगी। नया आधार एप ही लोगों की डिजिटल पहचान होगा। इस एप के जरिये क्यूआर कोड के माध्यम से किसी भी आधार कार्ड का तुरंत सत्यापन हो सकेगा। सत्यापन के दौरान लोगों को आधार में दर्ज पूरी जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा लोग नये एप के माध्यम से स्वयं अपने मोबाईल नम्बर, पता, नाम और ई–मेल आईडी में सुधार कर सकेंगे। नये एप में एक ही प्लेटफॉर्म पर परिवार के पांच सदस्यों की प्रोफाईल रखी जा सकेगी। आधार एप में फिंगर प्रिंट की जगह चेहरा पहचान तकनीक को प्राथमिकता दी गयी है।

---

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का आज एक विमान हादसे में आसामायिक निधन हो गया। पुणे के बारामती एयरपोर्ट पर उनका विमान लैंडिंग के समय संतुलन खोकर क्रैश हो गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। लोजपा, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान, राजद नेता

तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।

---

दानापुर–बिहटा कोईलवर एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पच्चीस किलोमीटर लंबी और दो हजार तीन सौ पचास करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को जून दो हजार सत्ताईस तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविन्द कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि इससे राज्य में यातायात संपर्क बेहतर होगा।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई आरओबी की ओर से पश्चिम चंपारण जिले के बेतियाराज कचहरी में पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जन–जागरूकता अभियान का आज समापन हो गया। इस दौरान विकसित भारत एट द रेड दो हजार सैंतालीस विषय पर डाक विभाग समेत विभिन्न संस्थानों की ओर से स्टॉल लगाए गये। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस अवसर पर बेतिया की महापौर गरिमा देवी सिकारिया और सीबीसी पटना के उप निदेशक लौकिक पारीख ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

सीवान बार काउंसिल के सचिव नवेन्दु शेखर दीपक के आधिकारिक ई–मेल और मोबाईल पर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट परिसर में तलाशी अभियान चला रही है।

---

शेखपुरा के प्रधान जिला जज संतोष कुमार तिवारी ने मध्यस्थता जागरूकता रथ को रवाना किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन के साथ संसद का बजट सत्र शुरू। कल पेश किया जाएगा आर्थिक सर्वेक्षण। एक फरवरी को बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत के युवाओं में साहस और कौशल की कमी नहीं। दुनिया युवाओं को भरोसे से देख रही है।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान दरभंगा जिले में एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये की नब्बे विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बगहा और बक्सर में तेज बारिश हुई। अगले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर वज्रपात और बारिश का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।